| उद्देश्य: | : | वर्षा जल संग्रहण केविभिन्न तरीको को देखकर जल संरक्षण के लिए प्रोत्साहित हो सकेंगे। |
| सूचक शब्द | : | पानी, वर्षा जल, पानी की संग्रहण, बूँद-बूँद, दरिया-दरिया, जल संरक्षण, पानी के स्त्रोत, बावड़ी। |

Instruction for developers:

| **ऑडियो** | **वीडियो** |
|---|---|
| पानी! जिसके बिना जीने की हम कल्पना भी नहीं कर सकते।<br>पानी हमारे लिए इतना ज़रूरी है इसीलिए प्रकृति ने हमारे लिए इसके भरपूर इंतज़ाम किए हैं...। | पहाड़ों से निकलती नदियों का विडियो/ चित्र तथा बारिश का चित्र (नदियों, तालाबों, झीलों में पड़ते हुए) |
| तुम जानते हो न भारत में हर हिस्से/जगह में तो नदियाँ नहीं हैं फिर इन जगहों पर रहने वाले लोग पानी की जरूरत को कैसे पूरा करते होगें ...?? ऐसे लोग या तो दूर-दूर जहाँ नदियाँ या तालाबों से पानी भरकर लाते या बारिश के पानी को इकट्ठा करते हैं। | भारत के मानचित्र में उन राज्यों को दर्शाते हुए चित्र जहाँ से नदियाँ गुज़रती है।<br>औरतों का मटको आदि में पानी लाते हुए चित्र<br>कुँओं से पानी खीचते हुए चित्र<br>बावड़ियों का चित्र<br>तालाब, झीलों का चित्र |
| आओ देखते हैं ऐसे ही कुछ अनोखा तरीका जिससे बारिश के पानी को इकट्ठा किया जाता था:<br>राजस्थान में पानी इकट्ठा करने के इस तरीके को 'टाँका' व्यवस्था कहते हैं। ज़मीन के नीचे बनी ये टंकी लोग | छत से पाइप द्वारा पानी ज़मीन के नीचे बनी टंकी में जाते हुए का चित्र |

| | |
|---|---|
| ज्यादातर घर के अन्दर बनवाते थे। जिससे बारिश का पानी इकट्ठा होने के साथ-साथ घर ठंडा भी रहता था।<br>कई जगह ज़मीनके नीचे दो टैंक भी होते ताकि एक के भर जाने पर दूसरा काम आ सके।<br><br>बताओ इन दो टैंक को जोड़ने के लिए पाइप कहाँ बनाया जाए ताकि एक के भरने के बाद बाकी पानी दूसरे में जा सके। | बताओ इन दो टैंक को जोड़ने के लिए पाइप कहाँ बनाया जाए ताकि एक के भरने के बाद बाकी पानी दूसरे में जा सके।<br>टैंक 1 का चित्र<br>टैंक 2 का चित्र<br> <br> |

Instruction for developer :

(बच्चे पाइप को कर्सर की मदद से दोनो टैंक को जोड़ने के लिए सही स्थान पर लगाऐंगे। )

सही जबाव




कर्सर द्वारा पाइप को टैंक के इस जगह ड्रैग करने पर पानी टैंक 2 में जाने लगेगा।

गलत जबाव होने पर सारी चीजें अपनी जगह वापस आ जाएगी

| | | |
|---|---|---|
| विषय | : | पर्यावरण अध्ययन |
| कक्षा | : | पाँच |
| थीम | : | पानी |
| शीर्षक | : | बूँद-बूँद, दरिया-दरिया 3 |
| ऑडियंस | : | विद्यार्थी, अध्यापक, अभिभावक |
| उद्देश्य | : | भारत के विभिन्न क्षेत्रों में पानी की उपलब्धता एवं जल संग्रहीकरण के तरीकों का पता लगाना। |
| सूचक शब्द | : | पानी, वर्षा जल, पानी की संग्रहण, बूँद-बूँद, दरिया-दरिया, जल संरक्षण, पानी के स्त्रोत, बावड़ी। |

Instruction for developers:

पर्दे पर दो box होंगे एक खाली और एक में इस sketch को बनाने के लिए बाँस, लकड़ी का हैंडल आदि।

एक original तसवीर के बाद पर्दे पर बच्चे खुद से sketch बनाऐंगे।

| ऑडियो | वीडियो |
|---|---|
| **बांस ड्रिप सिंचाई प्रणाली**<br><br>भारत के एक पूर्वोत्तर राज्य मेघालय में सिंचाई की एक विशेष विधि है जिसमें पानी की बचत होती है। इस विधि में पानी को पोधों की जड़ों में बूँद-बूँद करके टपकाया जाता है। जानते हो बांस से इस तरह सिंचाई का ये तरीका 200 साल पुराना है। | **Bamboo drip irrigation system**<br><br>Construction sketch of bamboo drip irrigarion system<br> |

| | |
|---|---|
| बच्चे कर्सर से खाली box में बांस को इस तरह लगाऐंगे कि पानी बिना गिरे एक बांस के हिस्से से दूसरे में गिरता जाए। | |



| | | |
|---|---|---|
| विषय | : | पर्यावरण अध्ययन |
| कक्षा | : | III |
| थीम | : | भोजन |
| शीर्षक | : | कहाँ से आया किसने पकाया (भोजन प्रक्रिया) |
| ऑडियंस | : | विद्यार्थी, अध्यापक, अभिभावक |
| उद्देश्य | : | खाना बनाने की विभिन्नप्रक्रियाओं से परिचित कराना |
| सूचक शब्द | : | गूंथना,कद्दू कस, बेलना, भूनना, तलना, छानना,सेंकना |

**Instruction for the developer**

**Step 1**: खाना बनाने की विभिन्न प्रक्रियाओं के बारे में एक लघु फ़िल्म / एनीमेशन / प्रस्तुति प्रदर्शित की जाएगी जिसमें क्रम 1 से 10 तक की प्रक्रियाओं को दिखाया जाएगा।

**Step 2**: खाना बनाने की प्रक्रियाओं के चित्रस्क्रीन पर प्रदर्शित किए जाएँगे। चित्र के साथ 3 विकल्प दिए जाएँगे।

**Voice over**:अब तक तो तुमने इन अलग अलग प्रक्रियाओ के बारे में जाना...चलो अब सही प्राक्रिया की पहचान करो

**चित्रप्रक्रियाका नाम**

1. गूंथना ☐ ☐ ☐
2. कद्दू कस करना ☐ ☐ ☐
3. बेलना ☐ ☐ ☐
4. भूनना ☐ ☐ ☐
5. तलना ☐ ☐ ☐
6. छानना ☐ ☐ ☐
7. सेंकना ☐ ☐ ☐
8. टुकड़ें काटना ☐ ☐ ☐

9. उबालना

10. घिसना

**Step 3:**खाना बनाने की विभिन्न प्रक्रियाओं के चित्र के सही विकल्प पर हरी बत्ती जलेगी। अगला चित्र प्रदिर्शत होगा। गलत होने पर लाल बत्ती जलेगी। चित्र नहीं बदलेगा।

**Step 4:** प्रयोगकर्ता द्वारा दिए गए सभी सही / ग़लत उत्तरों को एक साथ प्रदिर्शत किया जाएगा।

**सही उत्तर :**1. गूंथना 2. कद्दू कस 3.बेलना 4.भूनना 5.तलना 6.छानना 7.सेंकना 8.टुकड़ें काटना 9.उबालना 10.घिसना

विषय : पर्यावरण अध्ययन
कक्षा : IV
थीम : भोजन
शीर्षक : कहाँ से आया, किसने पकाया
ऑडियंस: विद्यार्थी, अध्यापक, अभिभावक
उद्देश्य : गेहूँ से रोटी बनाने तक की प्रक्रिया के बारे में परिचित कराना
सूचक शब्द : गेहूँ से रोटी तक
स्रोत : CIET (CD) गेहूँ की ज़ुबानी

**वीडियो प्रोग्राम**

## गेहूँ की ज़ुबानी

| ऑडियो | वीडियो |
|---|---|
| सदियों से तुम्हारा पेट भरता आया हूँ – पहचान तो रहे हो न! | वीडियो- 3 मिनट |
| मैं हूँ गेहूँ – (हँसते हुए) | पहले खेत जोतते हुए बीज बोते हुए, सींचते हुए |
| कितनी मेहनत करता है किसान मुझे बोने से पकाने तक की प्रक्रिया में | देखभाल करते हुए/दिन रात जागते हुए<br>लहलहाती हुई गेहूँ की बाले, दूर तक फैले हुए खेत |
| और फिर जब मैं सोने के सुनहरे दानों के रूप में पक जाता हूँ तो मुझे बोरियों में भरकर अनाज मंडी तक पहुँचाया जाता है। | गेहूँ की बोरी बैलगाड़ी में लाद कर मंडी पहुँचाते हुए |
| वहां से दुकानदार ले जाते हैं। फिर मुझे चक्की में पीसा जाता है। | बड़ी मिलों में गेहूँ चक्की में पीसते हुए |
| और फिर आटा थैलियों में भरकर तुम तक घर-घर पहुँचाया जाता है। आटे से बनती है – jksfV;ki | पिसे आटे को गूंथकर रोटी बनाते हुए |
| याद रखना मैं हूँ गेहूँ | **(Info-graphic गेहूँ उगाने के अलग-अलग कार्यों से जुड़े चित्रों के साथ-साथ उनके कामों को लिखा** |

| | |
|---|---|
| दिए गए चित्रों को देखो और पहचानों कि क्या-क्या कार्य हो रहे हैं। फिर उन्हें सही क्रम में लगाओ। सही क्रम में लगाने पर बजेगी तालियाँ। ग़लत होने पर 'फिर से प्रयास करो' की आवाज़ आएगी। | **जाएगा।)**<br>चित्र 1 **खेत में झूमती हुई बेले**<br>चित्र 2 **चक्की पर आटा पिसते हुए**<br>चित्र 3 **किसान खेत में गेहूँ बोते हुए**<br>चित्र 4 **खेत में पानी देते हुए किसान**<br>चित्र 5 **आटा पर गूँथते हुए महिला**<br>चित्र 6 **रोटी सेकते हुए लोग खाते हुए** |

- सही क्रम - 3, 4, 1, 2, 5, 6

| | | |
|---|---|---|
| विषय | : | पर्यावरण अध्ययन |
| कक्षा | : | IV |
| थीम | : | भोजन |
| शीर्षक | : | सावधानी ही सुरक्षा |
| आडियन्स | : | विद्यार्थी, अध्यापक, अभिभावक |
| उद्देश्य - | : | 1. आपात स्थितियों के प्रति जागरूकता।<br>2. रसोई घर में सावधानियाँ।<br>3. आपात स्थितियों से बचने के सुझावों पर चर्चा। |
| सूचक शब्द | : | आपात स्थिति, गैस सिलेण्डर , गैस लीक रसोई घर में सावधानियाँ। |
| स्त्रोत | : | www.ncert.nic.in/deptt/nic/dee/publictaion/pdf/Pustkan-se-pare-kamara%20- parayavaranpdf . Page 143 |

**Instruction for developer:**

सबसे पहले स्क्रीन पर गैस स्टोव और सिलेण्डर का चित्र आता है और Audio सुनाया जाता है

| **Audio** | **Video** |
|---|---|
| इन चित्रों को पहचानते हो क्या तुम ? जरा इनके नाम तो बताओ। यह है गैस स्टोव। खाना बनाने के लिए घर में, होटल में, कैंटीन में सभी जगह इसी का इस्तेमाल किया जाता है। इसका प्रयोग करना बहुत ही आसान है इसके प्रयोग में बहुत सारी बातों का ध्यान रखना आवश्यक है नहीं तो बड़ी दुर्घटना का सामना करना पड़ सकता है।<br>सही स्थिति पर (✓) का निशान लगाओ। | **चित्र**<br>रसोईघर में गैस स्टोव और सिलेण्डर<br>चित्र – होटल, कैंटीन आदि में गैस का प्रयोग<br><br>चित्र – ( Page 143 से लेने हैं) |
| कई बार खाना बनाते समय कुछ लोग गैस को सिम कर देते हैं और अन्य कामों में लग जाते हैं किसी कारण से सिम गैस बुझ जाती है और खतरे की स्थिति बन जाती है। | **स्थिति - 1**<br>(पुस्तकों से परे हमारा पर्यावरण में पृष्ठ)<br>(143 पर गैस स्टोव प्रयोग करने के दिए गए चित्र)<br>नॉब सिम पर है और गैस बुझी है<br>जल रही है।और खाद बन रहा है। |
| कौन सी स्थिति में दुर्घटना हो सकती है। | **स्थिति – 2** |

चित्र 2.32

गैस लीक होने पर कौन – सी स्थिति बचाव में सहायक होगी?

**स्थिति - 3**



चित्र 2.33

**स्थिति - 4**

रात को सोने से पहले क्या करना सुरक्षित होगा?



चित्र 2.34

**सोचो व दोस्तों के साथ चर्चा करे।**

**चर्चा**

- यदि तुम्हारे घर में गैस की गंध आए तो आप क्या करेगे ?
- क्या तुम्हारा सामना ऐसी किसी आपात स्थिति से हुआ है? तब तुमने क्या किया ?
- ऐसी किसी स्थिति का सामना करने पर तुमने व घर के अन्य सदस्यों ने क्या–क्या सावधानियाँ बरती ?

- यदि तुम्हारे घर में गैस की गंध आए तो आप क्या करेगे ?
- क्या तुम्हारा सामना ऐसी किसी आपात स्थिति से हुआ है? तब आपने क्या करा?
- ऐसी किसी स्थिति का सामना करने के तुमने व घर के अन्य सदस्यों ने क्या–क्या सावधानियाँ बरती ?

| | | |
|---|---|---|
| विषय | : | पर्यावरण अध्ययन |
| कक्षा | : | पाँच |
| थीम | : | |
| शीर्षक | : | छोटी सी जीभ पर काम हैं बड़े |
| ऑडियंस | : | विद्यार्थी, अध्यापक, अभिभावक |
| उद्देश्य | : | 1 जीभ की बनावट को जानना। |
| | | 2 भोजन पचाने में जीभ के कार्य को समझना। |
| | | 3 जीभ पर स्वाद ग्रन्थियों की स्थिति को पहचानना |
| Key Words | : | जीभ, स्वाद ग्रंथियाँ, स्वाद |

Instruction for developers:

| **ऑडियो** | **वीडियो** |
|---|---|
| हमारी जीभ। हर स्वाद का मज़ा हम तक पहुंचाने वाली। है तो छोटी सी पर काम करती है बड़े-बड़े। इस पर ये जो स्वादों के नाम दिखाए गए हैं न, इन्हीं स्थानों से हम ज़्यादा अच्छी तरह से दिखाए गए स्वादों का मज़ा ले सकते हैं। चलो, ज़रा कोशिश करें। |  |
| **Drop & Drag Activity**<br>इन चीज़ों को सही स्वाद ग्रंथि तक पहुँचाओ जहाँ इनका स्वाद मिल सके। | चित्र - जीभ स्वाद ग्रंथियाँ के साथ<br>1 चीनी 6 लाल मिर्च<br>2 नमकीन 7 गुड़<br>3 करेला 8 इमली<br>4 मिर्च 9 चटनी<br>5 कच्चा आम 10 चॉकलेट |

| | |
|---|---|
| स्वाद के अलावा जीभ के और भी काम हैं। ज़रा अपनी जीभ पकड़ कर बोलने की कोशिश करो तो। नहीं बोल पाए न। | 1 बोलने में<br>(चित्र बच्चा जीभ पकड़कर बोलने की कोशिश करते हुए) |
| खाना चबाने के बाद ज़रा निगल कर देखो। क्या जीभ ने कुछ कार्य किया ? ये जो लार देख रहे हो तुम, ये लार ग्रन्थियों से निकलता है और ये ग्रन्थियाँ जीभ के नीचे होती हैं।<br><br>यही लार खाने के साथ मिलकर उसे न्रम बना कर चबाने में और पचाने में मदद करता है। | 2 खाने को निगलने में<br>(खाना निगलते हुए)<br><br>3 खाना पचाने में<br>(मुँह से लार टपकते हुए) |
| इस चित्र में विभिन्न स्वाद ग्रंथियों को इनके सही स्थान पर दिखाओ। | जीभ का चित्र बिना स्वाद ग्रंथियों के।<br><br>मीठा<br>नमकीन<br>खट्टा<br>कड़वा |

Instruction for the developer

सही उत्तर

1. कड़वा - करेला , हरी मिर्च, लाल मिर्च
2. खट्टा – कच्चा आम, इमली, चटनी
3. नमकीन - नमकीन
4. मीठा – चीनी, गुड़, चॉकलेट

सही उत्तर पर तालियों की आवाज आएगी व गलत उत्तर पर दोबार प्रयास करो लिखा आएगा।

| | | |
|---|---|---|
| विषय | : | पर्यावरण अध्ययन |
| कक्षा | : | पाँच |
| थीम | : | भोजन |
| शीर्षक | : | खत्म हो जाए तो (गैस सिलेंडर रसीद) |
| ऑडियंस | : | विद्यार्थी, अध्यापक, अभिभावक |
| सूचक शब्द | : | गैस सिलेंडर रसीद |
| उद्देश्य | : | 1. गैस सिलेंडर की रसीद को ध्यानपूर्वक पढ़ना।<br>2. विभिन्न आपात स्थितियों के बारे में जागरूकता उत्पन्न करना।<br>3. आपात स्थितियों से बचने के सुझावों को जानना। |
| स्रोत | : | ncert book.Pustako se pare humara paryavaran, ( सिलेंडर की रसीद पृष्ठ - 141,<br>142 143<br>http://www.ncert.nic.in/departments/nie/dee/publication/pdf/Pustakon_se_<br>pare_hamara%20_paryavaran.pdf |

Instruction for developers:

| **Audio** | **Video** |
|---|---|
| ये जो तुम देख रहो हो न, ये गैस की रसीद तुमने अपने घर में भी देखा होगी।<br>ज़रा देखें तो यह गैस रसीद हमें क्या -क्या बता रही है। | इस वस्तु से शायद तुम परिचित होगें। यह गैस का सिलिण्डर हैं।<br>LPG गैस का एक बहुमूल्य ईधन है जो कई लोग इस्तेमाल करते हैं।<br>**गैस सिलेंडर की रसीद का**<br>**चित्र 2.29 (front Side)**<br>**गैस सिलेंडर की रसीद की**<br>**Back Side**<br>**चित्र 2.30** |

| | |
|---|---|
| पूछी गई बातों को रसीद में ढूँढ कर उस पर गोला लगाएँ।<br>1. गैस एजेंसी का नाम<br>2. सिलेंडर किसके नाम पर है ?<br>3. बिल नम्बर<br>4. ग्राहक संख्या<br>5. सिलेंडर का मूल्य<br>6. एल.पी.जी. रबड़ ट्यूब के बारे में<br>7. रेग्युलेटर के बारे में<br>8. सिलेंडर बदलने के विषय में<br>9. सिलेंडर लेने के समय<br><br>गैस के इस्तेमाल से संबंधित इन चित्रों को देखकर सही स्थिति पर √ का निशान लगओ। | (पुस्तकों से परे हमारा पर्यावरण चित्र page No 143 से लेने हैं)<br><br>चित्र 2.31<br>● नॉब सिम पर है<br>● गैस बुझी है।<br><br>चित्र 2.32<br>● पहले दीया सिलाई जलाकर फिर गैस की नॉब खोलना<br>● पहले गैस की नॉब खोलकर फिर दीया सिलाई जलाना<br><br>चित्र 2.33<br>● गैस लीक कर रही है पर खिड़की दरवाजे खुले है<br>● गैस लीक कर रही है और खिड़की दरवाजे बन्द है |

| | |
|---|---|
| | चित्र 2.34<br>• रात को सोने से पहले गैस की नॉब बन्द करना<br>• रात को सोने से पहले गैस की नॉब खुली है<br><br>**ध्यान रहे, सुरक्षा ज़रूरी है।** |

**Instruction for the developer**

**स्क्रीन पर विद्यार्थियों के लिए हाई लाइटर दीया जायेगा जिससे कि पूछी गई जानकारी पर गोला लगाएगे।**

**सही उत्तर**

**चित्र 2.29 –**

1. **भारत गैस**
2. **Mr R D Mahendra**
3. **3733**
4. **12077**
5. **345.35**
6. **कम से कम दो साल में एक बार अपनी एल पी जी रबर ट्यूब बदले**
7. **जब हॉट प्लेट का उपयोग न हो तो रेगुलेटर बन्द कर दे**
8. **सिलेण्डर बदलते समय सभी आग की खुली लौ बुझा दे**
9. **डिलीवरी के वक्त ही डिलीवरी मैन को सिलेण्डर जाँचने के लिए कहे**
   - **इन जानकारी पर गोला लगाने पर तालियों की आवाज आएगी**
   - **गलत उत्तर पर दोबार प्रयास करो की आवाज आएगी**

चित्र 2.31 - गैस बुझी है।
चित्र 2.32 - पहले दीया सिलाई जलाकर फिर गैस की नॉब खोलना

चित्र 2.33 - गैस लीक कर रही है पर खिड़की दरवाजे खुले है

चित्र 2.34 - रात को सोने से पहले गैस की नॉब बन्द करना

| | | |
|---|---|---|
| विषय | : | पर्यावरण अध्ययन |
| कक्षा | : | पाँच |
| थीम | : | भोजन |
| शीर्षक | : | सिलेंडर लो, मगर ध्यान से |
| ऑडियंस | : | विद्यार्थी, अध्यापक, अभिभावक |
| उददेश्य | : | 1 ईंधन की बचत संबंधी उपायों के लिए प्रेरित करना<br>2 गैस सिलेंडर से जुड़ी जानकारी एकत्र करना |
| सूचक शब्द | : | गैस सिलेंडर, ईंधन, एल पी जी |
| स्त्रोत | : | ncert book.Pustako se pare humara paryavaran, ( सिलेंडर लो, मगर ध्यान से - पृष्ठ -144, 146, 147, 148<br>http://www.ncert.nic.in/departments/nie/dee/publication/pdf/Pustakon_se_pare_hamara%20_paryavaran.pdf |

Instruction for developers:

| **ऑडियो** | **वीडियो** |
|---|---|
| कई लोगों के घरों में रसोईघर में गैस का इस्तेमाल किया जाता है। पहचानते हो न तुम इसे ? | चित्र<br>गैस सिलिंडर |
| इसे लेते समय क्या तुमने कभी यह जानने की है कोशिश कि अब ये इस्तेमाल करने के लायक है भी या नहीं ? आओ देखें।<br>इस सिलेंडर के ऊपर की तरफ इस तरह के नंबर लिखे रहते हैं। | चित्र – 2.35<br>(पुस्तकों से परे हमारा पर्यावरण)<br>Page 144 |
| तालिका में देंखे, पूरे वर्ष को 3-3 माह के काल में बाँटा गया है। | सिलिंडर के ऊपर की तरफ नंबर दिखाते हुए<br>A जनवरी से मार्च<br>B अप्रैल से जून<br>C जुलाई से सितंबर<br>D अक्टूबर से दिसंबर |
| D-13 का अर्थ है कि इस सिलेंडर का दिसंबर 2013 तक ही प्रयोग किया जा सकता है।<br>अच्छा अब बताओ B-16 का क्या अर्थ है ?<br>सिलेंडर लेते समय यह ज़रूर देखें। | B-16<br>जून, 2016 के बाद वह सिलेंडर प्रयोग नहीं किया जा |

| | |
|---|---|
| | सकता।<br><br>**थोड़ी सावधानी, सबकी सुरक्षा** |
| सुरक्षा के साथ-साथ ईंधन की बचत करना भी बहुत ज़रूरी है। गैस की बचत करने के लिए अलग-अलग परिस्थितियों को देखें और सही ( √ ) का निशान लगाएँ। | चित्र<br>(पुस्तकों से परे पर्यावरण Page 146, 147, 148)<br><br>चित्र 2.36<br>● खुले बरतन में पानी उबल रहा है<br>● ढके बरतन में पानी उबल रहा है<br><br>चित्र 2.37<br>● प्रेशर कुकर में खाना पक रहा है<br>● कड़ाही में खाना पक रहा है<br><br>चित्र 2.38<br>● दाल बिना भिगोए बना रहे है<br>● दाल भिगोकर बना रहे<br><br>चित्र 2.39<br>● फ्रिज में से निकालकर खाना सीधे गैस पर गर्म करने के लिए रख दिया<br>● खाना फ्रिज में से निकालकर सामान्य तापमान पर लाने के बाद गैस पर गर्म किया<br><br>चित्र 2.40<br>● फ्रिज में गर्म – गर्म खाना रख दिया<br>● खाना सामान्य ताप पर लाकर फ्रिज में रखा<br><br>चित्र 2.41<br>● गैस पर खाना बन रहा है और अन्य किसी कार्य में व्यस्त हैं |

| | |
|---|---|
| | • खाना बनते ही गैस बंद कर दी<br><br>चित्र 2.42<br>• चौड़े तल वाले बर्तन में खाना पक रही है<br>• कम चौड़ी पेंदी वाले बर्तन में खाना पक रहा है |

सही उत्तर

1. ढके बरतन में पानी उबल रहा है
2. प्रेशर कुकर में खाना पक रहा है
3. दाल भिगोकर बना रहे
4. खाना फ्रिज में से निकालकर सामान्य तापमान पर लाने के बाद गैस पर गर्म किया
5. खाना सामान्य ताप पर लाकर फ्रिज में रखा
6. खाना बनते ही गैस बंद कर दी
7. चौड़े तल वाले बर्तन में खाना पक रही है

सही उत्तर पर तालियों की आवाज आएगी गलत उत्तर पर दोबार प्रयास करो की आवाज आएगी।

| | | |
|---|---|---|
| विषय | : | पर्यावरण अध्ययन |
| कक्षा | : | पाँच |
| थीम | : | भोजन |
| शीर्षक | : | किसानों की कहानी बीज की ज़ुबानी |
| ऑडियंस | : | विद्यार्थी, अध्यापक, अभिभावक |
| उद्देश्य | : | मौसम, फसल तथा त्यौहारों का संबंध समझना। |
| सूचक शब्द | : | मौसम, त्योहार |

Instruction for developers:

| **Audio** | **Video** |
|---|---|
| भारत देश ! जिसके लगभग 70% लोग कृषि से जुड़े हैं और अपनी आजीविका के लिए इसी पर आधारित हैं।<br>जानते हो भारत के अलग-अलग राज्यों में कई ऐसे त्यौहार हैं जो फसलों से ही जुड़े हैं...। | (चित्र)<br>विभिन्न प्रांतों के लोग खेती करते हुए |
| 1. ओणम- जब फूलों की बहार होती है। तेज हवाएँ रूक जाती है तब केरल को प्राकृतिक सुंदरता अपने पूरे निखार पर होती है। ओणम फूलों का त्योहार है। यह वसंत का उत्सव है। रंग-बिरंगे हर वर्ष अगस्त-सितंबर में श्रवण नक्षता के दिन ओणम का उत्सव मनाया जाता है। इस समय किसान अपनी पकी हुई फसल काट चुकते हैं। वे इस खुशी में मौज-मस्ती करना चाहते हैं। इस त्योहार में भगवान महाबली का स्वागत किया जाता है। यह दस दिनों तक मनाया जाता है। | (चित्र)<br>ओणम मनाते हुए |
| इस उत्सव में महाबली और विष्णु को मिट्टी की मूत्तियाँ बनाई जाती हैं। उन्हें गोबर से लीपे हुए आंगन में रखकर फूलों से सजाया जाता है। इसके बाद में भोजन की व्यवस्था की जाती है।<br>ओणम के उत्सव के साथ ' कैकोट्टिकील नृत्य और खेल जुड़े रहते हैं। इनमें सबसे अधिक रोचक और आकर्षक खेल हैं -आरंमुलानौका दौड़। पानी में सांप की तरह इसमें तैरती नौकाओं को देखने का अनोखा अनुभव होता है। | |

| | |
|---|---|
| आजकल सब त्योहार सबके हैं-चाहे कोई ईद मनाए या ओणम मिट्टी के दिए जलाए या पोंगल मनाए। सब उत्सवों का एक ही लक्ष्य है-लोगों को आपस में जोड़ना, भाईचारा बढ़ाना।<br>2. पोंगल- भारत के दक्षिण में एक राज्य है-तमिलनाडु। जब वहाँ धान की फसल कटाई के बाद इकट्ठी की जाती है। तो वे लोग खुशी व्यक्त करने के लिए पोंगल का उत्सव मनाते हैं। यह 'तइ' नामक तमिल माह की पहली तारीख यानी जनवरी के महम में मनाया जाता है।<br>दरअसल पोंगल का अर्थ है- उत्तरायण की शुरूआत-सूर्य का उत्तर दिशा में जाना। पोंगल में दिवाली की तरह ही घर मोहल्ले की साफ़-सफ़ाईकी जाती है। फिर उन्हें सजाया जाता है। और जितनी बेकार की पुरानी चीज़ें होती हैं उनकी होली जलाते है। इस अवसर पर छोटे-छोटे लड़के ढोल पीटते हैं। ढोल को तमिल में 'बोगी कोट्टु' कहते हैं।<br>ऋतुओं के राजा इंद्र को बोगी समर्पित की जाती है क्योंकि इंद्र ही नयी ऋतुओं के आने की घोषणा करते हैं। यानी बसंत का मौसम शुरू होता है। पेड़-पौधों पर नयी-नयी कोपलें फूटने लगती हैं, फूल खिलते हैं। इस दिन नयी फ़सल के चावल से 'कोलम' यानी ज़मीन पर कुछ आकृतियाँ बनाई जाती है। घर के हर कमरे में इसी आटे से दीवारों के साथ-साथ पट्टियाँ बनाई जाती है। 'कोलम' से सूर्य देवता की पूजा की जाती है। पोंगल में सूर्य देवता की ही उपासना की जाती है क्योंकि सूर्य न हो तो कोई फसल पैदा कैसे होगी?<br>सूर्य देवता के भोग के लिए शर्करइ पोंगल बनाया जाता है। एक बर्तन में दूध उबालने के बाद उसमें नई फ़सल का थोड़े से चावल और गुड़ डालते हैं। जिस बर्तन में यह बनाते हैं उसे 'पोंगल पान्नाई' कहते हैं। इन दिनों गन्ना भी बहुत होता है। उनका जुलूस निकालते हैं। क्योंकि किसानों के लिए तो पशुधन ही सबसे बड़ा धन होता है।<br>इस दिन को 'माट्ड पोंगल'कहते हैं। गाँवों में शाम को इनकी पूजा अर्चना के बाद बैलगाड़ियों की दौड़ की प्रयोगिता की जाती है। इस तरह पोंगल बहुत हर्ष और उल्लास के साथ | (चित्र)<br>पोंगल मनाते हुए |

| | |
|---|---|
| मनाया जाता है।<br><br>3. बैसाखी- फसल का त्योहार है - बैसाखी। यह उत्सव हर अप्रैल माह में मनाया जाता है। बैसाख भारतीय कैलेंडर का एक महीना है । इसी के आधार पर इस पर्व को बैसाखी कहा जाने लगा। इसे खेती का पर्व भी कहा जाता है। फ़सल की कटाई के बाद पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसान जब फुर्सत पाते हैं तो लोकगीत और लोकनृत्यों में झूम उठते हैं। पंजाबी भंगड़ा और गिद्धा नृत्य विश्व प्रसिद्ध नृत्य है।<br>ढोल -नगाड़ों की भाषा पर किसान मस्त होकर एक दूसरे को बधाइ्र देते हैं, खुशियां बाँटते है।<br>यह त्योहार नये साल के आगमन का भी प्रतीक है। जगह - जगह बैसाखी के मेले लगाए जाते हैं। | (चित्र)<br>बैसाखी मनाते हुए |
| उत्तर भारत में इसे मकर संक्रांति, गुजरात में इसे उत्तरायण की शुरूआत के रूप में मनाया जाता है। | (चित्र)<br>मकर संक्रांति मनाते हुए |
| तमिल में इसे 'पुभांदू' कहते हैं। | (चित्र)<br>पुभांदू मनाते हुए |
| असम में बिहू नृत्य, बिहार में सूर्य की आराधना की जाती है।<br>बंगाली इस दिन कोई नया काम करना बहुत शुभ मानते हैं।<br>केरल में इस उत्सव पर धान की बुवाई की जाती है, एवं हल और बैलों को सजाया जाता है।<br>फसलों के ये त्योहार यह दर्शाते हैं कि भारत एक कृषि प्रद्यान देश है। यहाँ की धरती को संवारने वाला किसान है, उसका इस देश की धरती से बहुत गहरा रिश्ता है। | (चित्र)<br>बिहू मनाते हुए |
| क्रियाकलाप:<br>पहचानो इनमें से कौन-कौन से त्यौहार हैं जो फसलों से जुड़े हैं- | चित्र<br>ओनम<br>पोंगल<br>रक्षा बंधन<br>दुर्गा पूजा<br>ईद मनाते हुए चित्र |

| | |
|---|---|
| | बैसाखी<br>दीपावली मनाते हुए (चित्र)<br>मकर संक्रांति<br>गणेश चतुर्थी |

सही जवाब पर हरी बत्ती – मकर संक्राति, पोंगल, ओनम, बैशाखी
गलत जवाब पर लाल बत्ती – गणेश चतुर्थी, दुर्गा पूजा, रक्षा बन्धन,  दीपावली, ईद

| | | |
|---|---|---|
| विषय | : | पर्यावरण अध्ययन |
| कक्षा | : | पाँच |
| थीम | : | भोजन |
| शीर्षक | : | किसानों की कहानी बीज की ज़ुबानी (त्यौहार) |
| ऑडियंस | : | विद्यार्थी, अध्यापक, अभिभावक |
| उद्देश्य | : | सामूहिक रूप से मनाये जाने वाले त्यौहार की पहचान। |
| सूचक शब्द | : | मौसम, त्योहार |

Instruction for developers:
स्क्रीन पर Caption आएगी **त्यौहारों के सही चित्र को पहचानकर क्लिक करेंगे**

**सही उत्तर क्लिक करने पर तालियों की आवाज़ आएगी व गलत उत्तर पर दोबारा प्रयास करो की आवाज़ आएगी।**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. नीचे दिए गए चित्रों में से कौन से में 'पोंगल' त्यौहार मनाया जा रहा है –<br><br>चित्र – पोंगल<br>दीपावली<br>ईद | 2. नीचे दिए ग चित्रों में से कौन से में 'मकर संक्रांति' त्यौहार मनाया जा रहा है<br><br>चित्र – रक्षाबन्धन<br>क्रिसमस<br>मकर संक्रांति | 3. नीचे दिए गए चित्रों में से कौन से में 'बीहू' त्यौहार मनाया जा रहा है<br><br>चित्र – भाई दूज<br>बीहू<br>गुरू पूर्णिमा | 4. नीचे दिए गए चित्रों में से कौन से में 'लोड़ी' त्यौहार मनाया जा रहा है<br><br>चित्र – लोहड़ी<br>होली<br>दुर्गा पूजा | 5. नीचे दिए गए चित्रों में से कौन से में 'ओनम' त्यौहार मनाया जा रहा है<br><br>चित्र – दीपावली<br>दशहरा<br>ओनम |

**Extented learning: विद्यार्थी फसलों से जुड़े अन्य त्यौहारों के बारे में जानकारी प्राप्त कर, कक्षा में चर्चा करेंगे**

| | | |
|---|---|---|
| विषय | : | पर्यावरण अध्ययन |
| कक्षा | : | पाँच |
| थीम | : | भोजन |
| शीर्षक | : | झूम खेती |
| ऑडियंस | : | विद्यार्थी, अध्यापक, अभिभावक |
| उद्देश्य | : | 1. झूम खेती के विविध पहलुओं को जानना।<br>4. झूम खेती की प्रक्रिया के विविध चरणों की पहचान करना। |
| सूचक शब्द | : | झूम खेती |

Instruction for developers:
अभी आप झूम खेती पर आधारित वीडियो कार्यक्रम देखेगे। यह ऑडियो के साथ स्क्रीन पर लिखा हुआ आएगा।

| **Audio** | **Video** |
|---|---|
| भारत के उत्तर पूर्वी इलाके की पहड़ियों में रहने वाले लोगों का खेती करने का परंपरागत तरीका है – झूम खेती । | (उत्तर पूर्वी संगीत व कोई लोकगीत )<br>बीहू नृत्य<br>(उत्तर पूर्वी पहाड़ों के धान के खेतों का दृश्य)<br>**झूम खेती** |
| दिसंबर व जनवरी के महीनों में कई लोग एक साथ मिलकर चुने हुए ज़मीन के टुकड़े में से पेड़-पौधों व झाड़ की कटाई करते हैं। | समय – दिसंबर – जनवरी<br>(कई लोग मिलकर ज़मीन से पेड़-पौधों व झाड़ की कटाई करते हुए) |
| फरवरी व मार्च के महीनों तक इन्हें वहीं सूखने के लिए छोड़ देते हैं। | फरवरी – मार्च<br>पेड़-पौधे व झाड़ ज़मीन पर सूखते हुए। |
| अप्रैल-मई के महीनों में इन सूखे हुए झाड़ व पेड़-पौधों को अच्छी तरह निगरानी में जला देते हैं। | अप्रैल – मई<br>सूखे झाड़ व पेड-पौधे जलते हुए। |
| इस ज़मीन की अच्छी तरह जुताई की जाती है जिससे जलाई गई चीजों की राख अच्छी तरह से feV~Vh में | जुताई करते हुए और राख feV~Vh में मिलते हुए। |

| | |
|---|---|
| मिल जाए। इससे feV~Vh बनती है उपजाऊ। | |
| जून के महीने में वर्षा आरंभ होते ही इसमें बीज डाल देते हैं। | जून<br>बुवाई करते हुए। |
| दो-तीन महीनो बाद फसल तैयार हो जाती है और सभी लोग उसे आपस में बाँट लेते हैं। | 2-3 महीने बाद तैयार फसल |
| उत्तर पूर्वी संगीत | बीहू नृत्य |
| दो-तीन वर्ष तक एक जगह खेती करने के बाद ये लोग दूसरी ज़मीन पर चले जाते हैं। | सामान लेकर जाते हुए लोग। |
| पहले वाली ज़मीन को कुछ सालों के लिए ऐसे ही छोड़ जाते हैं। | खाली पड़ी ज़मीन। |
| क्रियाकलाप<br>(झूम खेती करने के चरणों को सही क्रम देना होगा। क्रम सही न होने पर लाल बत्ती जल उठेगी। ) | झूम खेती के चरणों को सही क्रम में लगाए<br>1. पहाड़ी इलाके के किसी टुकड़े को साफ करना।<br>2. ज़मीन की जुताई करना।<br>3. कटे हुए झाड़, पेड़-पौधों को फरवरी मार्च में सूखने के लिए छोड़ना।<br>4. बीज बोना।<br>5. 2-3 महीनों में फसल तैयार करना।<br>6. अप्रैल-मई में सूखे झाड़, पेड़-पौधों को निगरानी में जलाना।<br>7. बीहू नृत्य। |

सही उत्तर

1. पहाड़ी इलाके के किसी टुकड़े को साफ करना।
2. कटे हुए झाड़, पेड़-पौधों को फरवरी मार्च में सूखने के लिए छोड़ना।
3. अप्रैल-मई में सूखे झाड़, पेड़-पौधों को निगरानी में जलाना।
4. ज़मीन की जुताई करना।
5. बीज बोना।
6. 2-3 महीनों में फसल तैयार करना।
7. बीहू नृत्य।

**सही क्रम लगने के बाद बीहू का संगीत सुनाई देगा**

| | | |
|---|---|---|
| विषय | : | पर्यावरण अध्ययन |
| कक्षा | : | पाँच |
| थीम | : | भोजन |
| शीर्षक | : | खाएं आम बारह महीने |
| ऑडियंस | : | विद्यार्थी, अध्यापक, अभिभावक |
| उद्देश्य: | | 1. खाद्य पदार्थों को खराब होने से बचाने के विषय में जानकारी प्राप्त करना। |
| | | 2. सरंक्षण के तरीकों के बारे में समझ बनाना। |
| | | 3. विभिन्न खाद्य पदार्थों के लिए संरक्षण के विभिन्न तरीकों के प्रयोग के बारे में जानना। |
| | | 4. खाना खराब होने के कारणों को समझ सकेंगे। |
| सूचक शब्द | : | खराब खाद्य प्रदार्थ, खाद्य प्रदार्थ का सरंक्षण |

Instruction for developers:

अभी आप खराब खाद्य प्रदार्थों की पहचान और उनके सरंक्षण के तरीकों के बारे में जानेगें।

| **Audio** | **Video** |
|---|---|
| खाने पीने की चीज़ों को खराब होने से बचाने के लिए हम घरों में बहुत से तरीके अपनाते हैं। एक तरीका है- रेफ्रिजरेट | **चित्र** - रेफ्रिजरेटर |
| क्या होता है इसमें सामान रखकर ?<br><br>थोड़े ज़्यादा समय तक खराब होने से बच जाता है। पर क्यों ?<br><br>इसमें ठंडक बहुत होती है। बाहर की अपेक्षा इसमें तापमान बहुत कम रहता है। जिससे खाने को खराब करने वाले जीवाणु पनप नहीं पाते। | **चित्र**<br><br>पानी अंडे माँस बनी हुई सब्जिया<br><br>पनीर दूध गूँधा हुआ आटा<br><br>इसमें ठंडक बहुत होती है। बाहर की अपेक्षा इसमें तापमान बहुत कम रहता है। जिससे खाने को खराब करने वाले जीवाणु पनप नहीं पाते। |
| कुछ चीज़ों को भूनकर रखने से वो लम्बे समय तक खराब नहीं होती। जैसे -बेसन, सूज़ी, सेवियाँ।<br><br>भूनने से क्या हो जाता है ? नमी खत्म होने से भी खाना खराब करने वाले जीवाणु पनप नहीं पाते। | **चित्र -** महिला सूज़ी / बेसन को भूनकर रखते हुए<br><br>उनकी नमी खत्म हो जाती है। |
| दूध को उबालकर रखने से, या दाल सब्जी को फिर से गरम कर देने से भी कुछ लम्बे समय तक खराब हाने | **चित्र -** उबलता हुआ दूध |

| | |
|---|---|
| से बच जाती है। ऐसा क्यों ?<br>उबालने से या फिर से गरम करने से जीवाणु मर जाते हैं। | उबालने से या फिर से गरम करने से जीवाणु मर जाते हैं। |
| धूप में सुखाने से इन सब्जियों में क्या बदलाव दिख रहा है ?और एक बात। इनका भार भी कम हो जाता है। सोचो क्यों ?<br><br>क्योंकि इनका पानी सूख गया है। इसे निर्जलीकरण कहते हैं। अब ये खराब नहीं होगी। | कटे हुए गोभी, शलजम, गाज़र, धूप में सुखते हुए<br>सूखी मेथी<br>सूखा साग<br>सूखी हुई सब्जियाँ<br>सूखा पोदीना<br>सिकुड़ गई हैं।<br>हरी सब्जियाँ (मेथी /साग) आदि का आकार और रंग बदल गया है। |
| हाथ पर हल्का सा तेल लगाकर, दालों को हाथ से रगड़कर रखने से वो खराब नहीं होती। ऐसा क्यों ?<br><br>दाल पर तेल की परत आ जाती हे जिससे दाल का हवा और नमी से सीधा संपर्क नहीं हो पाता। | दालों को हल्का सा तेल वाला हाथ लगाकर रखते हुए।<br>हवा का दाल से सीधा संपर्क नहीं हो पाता। |
| जब अचार बनाया जाता है, तो उसे ऊपर तक तेल से ढँक देते हैं। जानते हो क्यों ? तेल के कारण हवा द्वारा नमी अचार तक नहीं पहुँचती और वह खराब होने से लंबे समय तक बच जाता है।<br><br>ऐसे ही जैली व मुरब्बे में और मीठे अचारों में चीनी की काफी अधिक मात्रा होने के कारण उसमें मौजूद पानी चीनी के साथ ही मिलकर गाढ़ी चाशनी बनाता है जिससे जीवाणुओं को पनपने के लिए पानी नहीं मिल पाता और वह चीज़ खराब होने से बच जाती है। | **लंबे समय तक बचाव**<br>अचार मीठा का चित्र<br>अचार तेल में का चित्र<br>जैली का चित्र<br>मुरब्बा का चित्र |



| | |
|---|---|
| | |

Instruction for developers:
Drag and Drop activity से खाद्य प्रदार्थों के चित्र का दृश्य और खराब न होने के तरीके

| **Audio** | **Video** |
|---|---|
| किन कारणों से चीज़ें खराब हो जाती है ? | हवा, पानी और उचित<br>तापमान मिल जाने से कुछ जीवाणु पनपने लगते हैं और वह चीज़ को खराब करते हैं। |
| Instruction for developers:<br>नीचे लिखी Instruction screen पर दी जाएगी। drag and drop activity से मिलान कराना है। | |
| कुछ खाद्य पदार्थों के चित्र दिए गए हैं। उन्हें किस तरह खराब होने से बचा सकते हैं, उसके सही तरीके से मिलाओ। | **Drag and Drop Activity**<br>**For the user** |
| | चित्र -<br>दूध<br>पकाई हुई सब्जी,<br>दाल<br>गूँधा हुआ आटा<br>बेसन<br>सूजी<br>कच्ची दालें<br><br>रैफ्रिजरेटर<br>उबालकर<br>भूनकर<br>तेल लगाकर |

| | | |
|---|---|---|
| | हरी सब्जियाँ<br>फल<br>मछली<br>माँस<br>अंडे | निर्जलीकरण<br><br>जैम, मुरब्बा |

सही उत्तर है –दूध उबालकर, पकाई हुई सब्जी, दाल (उबालकर) गूँधा हुआ आटा, फल, मछली, मांस, अंडे, (रेफ्रिजरेटर) हरी सब्जियाँ(निर्जलीकरण) बेसन, सूजी (भूनकर) दाल (तेल लगाकर)

विषय : पर्यावरण अध्ययन

कक्षा : पाँच

थीम : भोजन

शीर्षक : खाना हुआ ख़राब

ऑडियंस : विद्यार्थी, अध्यापक, अभिभावक

उद्देश्य : 1. खराब खाने की पहचान कर पाना।

2. अलग-अलग चीज़ें अलग-अलग कारणों से ख़राब होती हैं, यह जानकारी प्राप्त करना।

सूचक शब्द : खराब खाना

Instruction for developers:

| **ऑडियो** | **वीडियो** |
|---|---|
| कभी-कभी हम खाने में कुछ बदलाव महसूस करते हैं। जैसे उसके रंग में,स्वाद में, गंध में, बनावट में। इन दोनों चित्रों में से किसमें तुम बदलाव देख रहे हो और क्या ? | प्लेट में ब्रेड का टुकड़ा (ताज़ा) (अ)<br>प्लेट में ब्रेड का टुकड़ा उस पर फफूँदी है (ब)<br>(ब) चित्र में<br>यह ब्रेड ख़राब है। इस पर फफूँदी है।<br>(खाने को सूँघते हुए) |
| हम कैसे जान लेते हैं कि कोई चीज़ ख़राब हो गई है?<br>खाने में लेस या चिपचिपाहट आना | खाने में चिपचिपाहट। लेस दिखाई देना। (आलू की सब्ज़ी का चित्र) |
| खाने का रंग बदलना | खाने के रंग में बदलाव (गूँधे हुए आटे का काला रंग) |
| खाने में कीड़े लगना | खाने में कीड़े लग जाना। (बेसन, सूजी में कीड़ों का चित्र) |
| सब्ज़ियों व फलों का गल जाना | कच्चे फल व सब्ज़ियों का पिलपिला हो जाना। गल जाना। (गली हुई पालक, भिंडी का चित्र) |
| प्रयोग अंडे का<br>क्या अंडे भी ख़राब हो जाते हैं ?<br>कैसे पहचानेंगे हम ? | प्रयोग अंडे का |

| | |
|---|---|
| पानी भरे गिलास में अंडा डालो। यदि अंडा तैरने लगे तो ख़राब है और यदि पानी में डूब जाए तो ठीक है।<br>इन बीजो को देखो। पानी में डालने पर जो तैरने लगें वो ख़राब हैं और जो डूब जाएँ वो ठीक हैं। | खराब बीज तैरते |
| बादाम, पिस्ता आदि मेवे भी ख़राब होने पर पानी पर तैरने लगते हैं। इनमें पाउडर निकलने लगता है और ये खोखले हो जाते हैं। | खराब बादाम पानी पर तैरते |
| **आओ पहचानें**<br>कौन सी चीज़ ख़राब है और कौन सी नहीं। इन्हें इनके सही घर तक पहुँचाना। ग़लत घर में जाने पर घंटी बज उठेगी।<br>Drag and drop se<br>शिक्षार्थी सही जगह पहुँचाएगा। | **आओ पहचानें**<br>चित्र-<br>**सूजी में कीड़े**<br>**बेसन में कीड़े**<br>**भुरभुरे बादाम पानी पर तैरते**<br>**दाल में कीड़े**<br>**ताज़ा पालक**<br>**भिंडी काली और गली हुई**<br>**ताज़ा सेब**<br>**आलू में थोड़ा पानी बहता हुआ**<br>**काली पड़ी हुई गोबी**<br>**रोटी पर फफूँदी**<br> |

Instruction for developers:

शिक्षार्थी को ताज़ा व साफ़ चीज़ और खराब चीज़ drag and drop से सही जगह पहुँचानी है। गलत उत्तर पर घंटी बजेगी। इसके बाद पुन: कोशिश करनी होगी।

**सही उत्तर**

ताज़ा व साफ़ चीज़ - ताज़ा पालक , ताज़ा सेब

खराब चीज़- सूजी में कीड़े , बेसन में कीड़े , भुरभुरे बादाम पानी पर तैरते , दाल में  कीड़े , भिंडी काली और गली हुई , आलू में थोड़ा पानी बहता हुआ, काली पड़ी हुई गोबी, रोटी पर फफूँदी

| | | |
|---|---|---|
| विषय | : | पर्यावरण अध्ययन |
| कक्षा | : | V |
| थीम | : | भोजन |
| आडियन्स | : | विद्यार्थी, अध्यापक, अभिभावक |
| शीर्षक | : | मिलावटी भोजन |
| उद्देश्य | : | 1. खाने-पीने की चीजों में मिलावट की जाँच करना।<br>2. मिलावटी चीज़ों के प्रति सचेतता। |
| सूचक शब्द | : | मिलावटी, एगमार्क, FPO |

**Instruction for developer:-**

| ऑडियो | वीडियों |
|---|---|
| 1. खाने-पीने की चीज़ों को केवल देखने से पता नहीं चलता कि उनमें मिलावट की गई है। खाने-पीने की चीज़ों में मिलावट का पता करने के लिए अलग-अलग चीज़ों में अलग-अलग तरीकों का प्रयोग किया जाता है। आज हम कुछ खाने की चीज़ों में मिलावट का पता लगाएंगें। | चित्र - विभिन्न खाने की की चीज़े |
| 2. पानी में हमने कुछ काली मिर्च के दाने डाल उन्हें काली मिर्च पानी में डूब जाती है पर कुछ व्यक्ति बीज तो पानी में तैरते हुए नज़र आ रहे है। वह काली मिर्च के बीज़ नहीं है। पपीते के बीज़ है जो देखने में तो बिल्कुल काली मिर्च की तरह लगते है पर होते हैं पपीते के बीज़। | इसमें काली मिर्च को पानी के भरे (काँच का गिलास) गिलास में डालते है। काली मिर्च पानी में डूब जाती है और कुछ बीज पानी पर तैर रहे है।<br>काली मिर्च — चित्र<br>पपीते के बीज़ — चित्र |
| 3. ये अरहर की दाल। जब इसे पानी से धोया तो सारा पानी पीला हो गया। अरहर की दाल पर नकली पीला रंग लगाया जाता है जो हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत नुकसान दायक होता है। | अरहर की दाल को पानी में धोते हुए दिखाया जा रहा है धोने पर पानी का रंग पीला हो गया है। |
| 4. ये है पिसी लाल मिर्च। जब हमने इसे पानी में मिलाया तो पानी के रंग में कोई बदलाव नहीं | एक गिलास पानी में एक चम्मच पीसी मिर्च घोली जाती है। पानी में रंग में कोई परिवर्तन नहीं है। |

| | |
|---|---|
| आया इसका अर्थ है कि मिर्च में किसी तरह की कोई मिलावट नहीं है लेकिन अगर पानी का रंग लाल हो जाता है तो इसमें ईंट का चूरा या लाल रंग की मिलावट की गई होती है। | प्लेट में ईंट का चूरा<br>चित्र |
| 5. ये दो तरह के शहद हैं हमारे पास। हमने एक तरह के शहद को पानी में डाला। इसका अर्थ है कि अरे! यह तो पानी में घुल गया है जिस गिलास में शहद, पानी में घुल गया है उसमें चीनी के घोल की मिलावट की गई है। क्योंकि बिना मिलावटी शहद की बूँद एक तार बनाते हुए नीचे जाती है। | काँच के गिलास में पानी भरा है और उसमें शहद डालते हुए बहुत पास से दिखाया गया है शहद पानी में घुल जाता है।<br>पानी में शहद डालते हुए बहुत पास से दिखाया गया है शहद एक तार छोड़ते हुए नीचे गया है। |
| 6. एक महीन कपड़े को एक प्लेट पर रखो और उस पर एक चम्मच चाय पत्ती रखो। अब उस पर 3-4 चम्मच पानी डालकर गीला करो। अब कपड़े से चाय पत्ती हटा दो। कपड़े पर पीला रंग आता है।<br>कपड़े पर तुमने जो पीला रंग देखा वह मिलावट है क्योंकि घटिया किस्म की चाय पत्ती में नकली रंग मिलाया जात है और चाय में भी यहीं रंग आ जाता है। | चित्र 1 - प्लेट पर महीन कपड़ा रखकर चाय पत्ती रखी गई।<br>चित्र 2 – थोड़ा सा पानी डालते हुए कपड़े पर पीला रंग। |
| 7. तुमने लाल मिर्च पाउडर, शहद, काली मिर्च, अरहर की दाल, और चाय की पत्ती में मिलावट की जाँच का तरीका देखा। तुम स्वयं भी अपने घर में मिलावट की जाँच का पता कर सकते हो। | चित्र –<br>लाल मिर्च पाउडर।<br>शहद।<br>काली मिर्च।<br>अरहर की दाल।<br>चाय की पत्ती। |
| खाने की चीज़ों पर यह दो मार्क पाये जाते हैं इनका उन्हीं खाने की चीज़ों पर लगाया जाता है। जिनकी उत्पादकता या गुणवत्ता की जाँच हो चुकी होती है इसलिए खाने की चीज़ें लेने से पहले यह मार्क अवश्य देखें।<br>खाने के सामान के कुछ पैकैट देखो और उन पर यह निशान देखो। | अब स्क्रीन पर एगमार्क तथा FPO का चित्र आता है।<br>एगमार्क<br>FPO |